संक्षिप्त

बाइक के साथ झाडियों में मिला शव

डूंगरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के कलाल घाटा गांव के पास मुख्य सडक पर एक युवक का शव उसकी बाइक के साथ झाडियों में मिला। सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को झौथरी पंचायत समिति के बायता गांव निवासी जीवा पुत्र धुला बरंडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार उसका चचेरा भाई हाजा बरंडा घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था और जल्द वापस आने की बात कहकर गया था। परिजनों को मोबाइल पर सूचना मिली कि हाजा का शव कलालघाटा गांव के पास मुख्य सडक के किनारे मोटरसाइकिल के साथ पडा है। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे एक सडक दुर्घटना मानकर अनुसंधान कर रही है।

दिव्यांग सहायता शिविर 25 से

डूंगरपुर। महावीर इंटरनेशनल का इस माह का दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर माह के अंतिम शनिवार एवं रविवार 25 एवं 26 अक्टूबर को महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर के रोग निदान केन्द्र एऑडिटोरियम के सामने, नये होस्पिटल के पास डूंगरपुर में समय प्रात: 10.30 बजे से लगाया जा रहा है। दिव्यांग सहायता शिविर में दिव्यांगो को जयपुर फुट बैसाखी, कैलिपर्स, श्रवण यंत्र आदि नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि इस बार हड्डी एवं जोड रोग संबंधित आर्थोपेडिक ओपीडी शिविर भी शनिवार 25 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जीबीएच जनरल एवं कैंसर हॉस्पीटल उदयपुर के डॉ. सौरभ अग्रवाल सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांग जन अपने साथ मेडिकल प्रमाण पत्र की प्रतिएएक फोटोएआधार कार्ड एजाति एवं आय प्रमाणपत्र की प्रति लेकर आवें ताकि आप को नि:शुल्क साधन उपलब्ध कराने मे कठिनाई नहीं हो। हड्डी रोग संबंधित रोगी अपनी पुरानी रिपोर्ट्स अवश्य साथ लेकर आवे।

कुलगुरु का कार्यभार ग्रहण किया

उदयपुर । महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के नए कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह ने रविवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि नीतियों का सुचारू क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अभियान की दिशा में क्षेत्र के जनजातीय समाज का आर्थिक और शैक्षणिक विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग, पारंपरिक ज्ञान संपदा, वैज्ञानिक सोच और नवाचार के साथ विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास और सभी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगे। डॉ सिंह ने विश्वविद्यालय की फैकल्टी और सह शैक्षणिक कार्मिकों से सक्रिय भूमिका निभाते हुए आपसी समन्वय और समर्पण की भावना से कार्य करने का आवाहन किया। दीपावली के शुभ अवसर पर नवनियुक्त कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह ने राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर के परिसर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन और शिक्षा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी उच्च अधिकारी, निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, फैकल्टी, पेंशनर वेलफेयर कार्यकारिणी सदस्य, कर्मचारी कल्याण समिति के अधिकारी और शुभचिंतक उपस्थित रहे और उन्हें कार्यभार संभालने पर बधाई दी।

महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना की

उदयपुर,। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और हरितराज सिंह मेवाड़ ने मंगलवार को शहर के भट्टियानी चौहट्टा स्थित महालक्ष्मी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके सुपुत्र हरितराज सिंह मेवाड़ भी साथ रहे। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ सिटी पैलेस से परम्परानुसार शाही लवाजमे के साथ 460 साल से अधिक प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचकर डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने मेवाड़ी परंपरानुसार महालक्ष्मी का विधिवत पूजन किया। दरअसल, दीपावली पर हर साल मेवाड़ पूर्व राजपरिवार की ओर से महालक्ष्मी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करने की प्राचीन परंपरा है।

अंग्रेजी व बियर शराब के कुल 94 कार्टुन व तस्करी में प्रयुक्त वाहन स्लीपर बस जप्त

■ अवैध शराब परिवहन के आरोप में दो लोगों को किया गिरफ्तार

भीम । महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर से दीपावली के त्यौहार पर बसों मे पटाखे व ज्वलनशील सामान के परिवहन की रोकथाम हेतु राजस्थान पुलिस महानिदेशक जयपुर सतत निगरानी के निर्देशो की पालना मे राजसमंद जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशानुसार एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक व पारस चौधरी वृताधिकारी भीम के सुपरविजन मे भीम सीआई भंवरलाल कुमावत पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना भीम के नेतृत्व मे अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु थाना सर्कल में भीम में 20 अक्टूबर को विशेष नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रावेल्स बस नम्बर एआर 01 आर 5707 को चैक किया तो बस के अन्दर सीटो के निचे व डिग्गी प्लास्टिक के कट्टो के अन्दर 38 कार्टुन बियर व 56 कार्टुन अठोजी शराब कुल 94 कार्टुन शराब होना पाये गये। बस चालक भैरूसिह पिता मूलसिह व खलासी खुमानसिह पिता नैनूसिह को उक्त शराब के बारे में पूछा तो जयपुर से भरकर अहमदाबाद गुजरात ले जाना बताया। जिनके पास उक्त शराब को रखने व परिवहन करने बाबत कोई वैध कागजात व अनुज्ञापत्र नही होने से अभियुक्तगण भैरुसिंह व खुमानसिह को गिरफतार किया गया तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन ट्रावेल्स बस को जप्त किया। भीम थाना पुलिस की टीम में हेड कांस्टेबल खुमानसिह गौतम कुमार पुलिस कांस्टेबल संदीप कुमार सुनिल कुमार आदि की टीम ने घटना के संबंध में थाना भीम पर प्रकरण संख्या 267/25 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम मे मामला दर्ज कर भैरुसिंह पिता मुलसिंह जाति रावत उम्र 39 साल निवासी झुतरा बग्गड पुलिस थाना देवगढ जिला राजसमंद और खुमानसिंह पिता नैनुसिंह जाति रावत उम्र 40 साल निवासी पीपलीनगर, हिरातो की वेर पुलिस थाना देवगढ जिला राजसमंद मुल्जिमान को गिरफ्तार किया तथा न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जावेगा।

चाकूबाजी में चार से अधिक व्यक्ति घायल

उदयपुर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में पटाखे छोड़ने के विवाद में आरोपी व साथी चाकू से हमला कर फरार हो गए। हमले में चार से अधिक व्यक्ति घायल हुए है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20अक्टूबर रात में रकमपुरा गांव निवासी दुर्गेश गमेती कार लेकर गया था। जहां लौहार समाज के लोग बैठे थे। इस दौरान पटाखे छोड़ने पर समाज जनों ने विरोध किया तो वह चला गया।कुछ ही देर बाद दुर्गेश अपने साथी मोहन गमेती,प्रवीण गमेती,पुष्कर गमेती, जीवन गमेती व साथी के साथ वापस लौट पटाखे छोडना शुरू किया। इस पर दोबारा एतराज करने पर आरोपी व साथी चाकू से हमला कर फरार हो गए।

जयपुर विधानसभा क्षेत्र का कोषाध्यक्ष नियुक्त

डूंगरपुर। तीर्थ सेवा न्यास (पंजी.), हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा अध्यक्ष तीर्थाचार्य राम विशाल दास एवं महामंत्री महंत ओमदास महाराज द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर डूंगरपुर जिले के साबला तहसील के वणवासा गांव के उदित चौबीसा को राजस्थान प्रदेश के उदयपुर जिला एवं जयपुर विधानसभा क्षेत्र का कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

तीर्थ सेवा न्यास का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा,भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन, समाज सेवा एवं राष्ट्र के उत्थान में योगदान करना है। तीर्थ सेवा न्यास का अभिन्न अंग बनने पर उदित चौबीसा का हार्दिक स्वागत एवं शुभकामनाये प्रदान करते हुए, यह दायित्व धर्म और समाज के लिए अत्यंत मूल्यवान है। तीर्थ सेवा न्यास इनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हैं तथा संगठन की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को आगे बढाने में इनसे सतत् भूमिका की अपेक्षा की गई।

मोदी सरकार ने लोगो की दीपावली को काली दीपावली बनाया-भगोरा

डूंगरपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव बांसवाडा-डूंगरपुर संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहां कि केंद्र की मोदी सरकार ने 11 सालो के शासन में कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ को बंद करने उन्हें कमजोर करने का ही कार्य किया देश में बेरोजगारी को बढाई,वहीं मनरेगा योजना में श्रमिकों की मजदूरी तक को रोक लिया गया। पूर्व सांसद ने बताया कि पीएम मोदी की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। बाजार में हर सामान के भाव में आग लगी हुई है। ऐसे में दिवाली पर भी इसका असर पडा है और लोगों ने पटाखे,कपडों और मिठाइयों की खरीद में कटौती की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में मिठाइयों पर लगने वाले जीएसटी कम करने की घोषणा की थी। ऐसे में मिठाई सस्ती होने का अनुमान लगाया जा रहा था, लेकिन हकीकत में दिवाली में मिठाइयों के दाम आसमान छू रहे हैं। मध्यम वर्ग परिवार की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। सरकार एक तरफ महंगाई को कम करने के लिए कई प्रकार के दावे कर रही है,लेकिन असलियत में महंगाई कम होना तो दूर,और बढती जा रही है। पूर्व सांसद ने कहां कि दिवाली से पहले सोने के दामों में जबरदस्त वृद्धि की गई है, बीते एक साल में सोना लगभग 51,००० रुपए प्रति 1० ग्राम तक महंगा हो गया है। पिछले साल दिवाली के समय जहां सोने की कीमतें औसतन 79,82० रुपए प्रति 1० ग्राम के आस-पास थी,वहीं इस बार त्यौहार से पहले यह बढकर 1,3०,35० रुपए प्रति 1० ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पूर्व सांसद ने कहा कि विधवा-वृद्धावस्था पेंशन भी दीपावली पर लोगो को नहीं मिली यही नहीं सरकारी कर्मचारियों की वित्त विभाग द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम के संबंध में बंद करने के आदेश प्रसारित करने से राजस्थान के लाखों कर्मचारी अपनी पेंशन को लेकर आशंकित हो गए है,इस आदेश से राजस्थान के लाखों कर्मचारियों में आक्रोश पैदा हो गया है। इसी प्रकार 1० अक्टूबर को जारी एक अन्य आदेश में विभाग ने 1996 के पेंशन नियमों में बदलाव करके कर्मचारी के आश्रितों के पेंशन नियम में भी बदलाव कर दिया है, जो राजस्थान के सभी कर्मचारी आश्रित परिवारों पर लागू होगा। जो नकारात्मक है। पेंशन नियमों में इस प्रकार लगातार छेडखानी से कर्मचारी आशंकित हो गए है। उन्होंने कहा कि पेंशन कर्मचारी के परिवार की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा से जुडा एक संवेदनशील मुद्दा है जिस पर सहानुभूतिपूर्वक ही विचार किया जाना चाहिए। पूर्व सांसद ने कहा कि वित्त विभाग द्वारा जारी 9 और 1० अक्टूबर 2०25 को जारी आदेश वापिस लिए जाएं और सरकार ओपीएस यथावत रखने का नीतिगत निर्णय लेकर राजस्थान के लाखों आशंकित कर्मचारियों को उनके और उनके परिवार की सामाजिक सुरक्षा को लेकर पूरी तरह आश्वस्त करना चाहिए।

युवक पर धारदार हथियार से हमला

डूंगरपुर। दिवाली पर शहर के नया बस स्टैंड के पास ही दिन-दहाडे धारदार हथियार से हमले वारदात हुई। दिवाली की खरीदारी करने आए युवक के दुकान से बाहर निकलते ही बदमाशों ने पीछे से पीठ पर वार दिया। जिससे युवक घायल होकर गिर गया। इसके बाद बाइक पर आए 2 से 3 बदमाश मौके से भाग गए। गंभीर घायल युवक को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया है। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार माथुगामडा पाल डूंगर फला निवासी मोहन पुत्र रामलाल कटारा अपने बडे भाई के साथ दिवाली की खरीददारी करने डूंगरपुर शहर में आए थे। नया बस के पास एक दुकान पर सामान लेने के बाद मोहन कटारा जैसे ही दुकान से बाहर निकला। उसी समय पीछे से एक युवक ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। अचानक हमले में उसके पीठ पर धारदार हथियार लगा। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पडा।

औदिच्य सेवक समाज की ओर से पुरानी परम्परा का फिर हुई पुन

डूंगरपुर। शहर में औदिच्य धुलविया सेवक समाज की ओर से बुधवार को नया महादेव मंदिर परिसर में पुरानी परम्परा को पुनरू ?जीवित करते हुए नववर्ष पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डूंगरपुर शहर के रहने वाले समाज जन शामिल हुए। जिसमें सभी वरिष्ठ नागरिक का सम्मान किया। वही उनके आशिर्वाद को प्राप्त किया। स्नेह मिलन के माध्यम से समाज के मध्य चल रहे छोटेकृमोटे विवाद का समाधान किया गया।

समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में सभी समाज दीपावली के दूसरे दिन नववर्ष पर एकत्रित होती थे। जिसमें समाज के तीन से चार पीढी के लोग एकत्रित होकर एक झाजम में बैठते थे। पिछले कुछ साल से यह सनातन संस्कृति की परम्परा लगभग खत्म हो चुकी थी। औदिच्य समाज की ओर से इस परम्परा को पुन: जीवित करते हुए स्नेह मिलन कार्यक्रम रखा गया। इसका मुख्य उददेश्य दिल्ली, मुम्बई, बैगलोर और विदेश में रहने वाले समाज के युवा, नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग के लोगों को पुन: समाज से जोडा जाए। नई पीढी को समाज के रीति-रिवाज से पहचान कराई जाए। उन्होंने कहा कि समाज में सालभर में होने वाले छोटे-मोटे विवाद को एक मंच के माध्यम से खत्म करके गले मिलाया गया। वही समाज के वरिष्ठ नागरिक का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हरिप्रकाश पहाड, सचिव हरेकृष्ण शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, महिला अध्यक्ष लीना पहाड,महिला उपाध्यक्ष पूनम पहाड मौजूद रहे।

युवा पीढी ने जानी परम्परा,आशीर्वाद लेकर जताई खुशी:- औदिच्य समाज के स्नेह मिलन कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य युवा पीढी को दीपावली पूजन के बाद अपने घर तक सीमित रह जाते है। इसके बाद छुटटी खत्म होने पर पुन: बडे शहरों के लिए रवाना हो जाते है। इसके कारण अक्सर समाज की मुख्य धारा और लोगों से पहचान लगभग खत्म हो चुकी थी। इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढी को पुन: जोडने का प्रयास किया गया। कई लोगो ने पहली बार समाज के बडे बुजुर्ग से आशीर्वाद लिया। छोटे-मोटे मनमुटाव को किया समाप्त:- अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सालभर में कई छोटे-मोटे मनमुटाव होते है। इसके कारण अक्सर भाई-भाई और अपने रिश्तेदार से बोलना बंद कर देते है।

युवक पर हमला

डूंगरपुर। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बिछीवाडा कस्बे में सोमवार शाम उस समय अफरा.तफरी मच गई, जब एक युवक पर अचानक चाकू से हमला कर दिया गया। दीपावली की खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे युवक के पेट में चाकू घोंप दिया गया, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पडा। घटना के बाद हमलावर युवक भीड का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत बिछीवाडा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार,आरा फला गांव निवासी लालू पुत्र खेमा खराडी दीपावली की खरीदारी के लिए सोमवार शाम बिछीवाडा बाजार गया था। त्यौहार के चलते बाजार में लोगों की भीड थी। इसी दौरान एक युवक ने अचानक लालू पर हमला कर दिया और पेट में चाकू घोंप दिया।हमले से लालू वहीं गिर पडा और खून से लथपथ हो गया। लोगों ने तुरंत 1०8 एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल भेजा। घटना के बाद बाजार में हडकंप मच गया।

लोगों की भारी भीड मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर बिछीवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि हमलावर युवक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

लट्ठ के हमले से गिरी बाइक, एक युवक की मौत

■ 2 गंभीर घायल, हमलावरों की गिरफ्तारी पर अडे परिजन 3 दिन बाद पोस्टमॉर्टम

डूंगरपुर। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में लट्ठ से हमले के बाद बाइक अनियंत्रित होकर नीचे गिरी। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। डूंगरपुर अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गईए जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने से उसे गुजरात अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं, एक अन्य युवक का डूंगरपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के बाद परिजन हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग पर अडे रहे। जिस वजह से दो दिन तक पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। वहीं, पुलिस की समझाइश पर बुधवार को तीसरे दिन पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। बिछीवाडा थानाधिकारी ने बताया कि प्रकाश पुत्र कानजी ताबियाड निवासी मोदर होली फला की ओर से रिपोर्ट में बताया की 2० अक्टूबर को शाम के समय उसका भतीजा अभिषेक पुत्र मणिलाल ताबियाड, लालशंकर पुत्र बसु ताबियाड, संजय पुत्र सोमेश्वर तीनों मोटर साइकिल लेकर मोदर से रतनपुर की ओर जा रहे थे। उसी समय राहुल पुत्र कांतिलाल ताबियाड अपने अन्य साथियों के साथ बाइक लेकर उनका पीछा करने लगा। राहुल बाइक के पीछे बैठा होकर उसके हाथ में लट्ठ पकडा था, जबकि तलवार छुपाकर रखी थी। राहुल ने उसके भतीजे ओर उसके साथियों पर चलती बाइक से लट्ठ से हमला किया। हमले की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई, जिससे भतीजा अभिषेक, लालशंकर ओर संजय तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद राहुल ओर उसके साथी बाइक से फरार हो गए। तीनो को एंबुलेंस से डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद लालशंकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अभिषेक की हालत गंभीर होने से उसे रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे गुजरात अस्पताल लेकर गए। वही संजय को अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। लालशंकर के शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। दो दिन तक शव मोर्चरी में पडा रहा ओर परिजन आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग पर अडे रहे। वहीं, पुलिस मामले में हमलावरों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाती रही। पुलिस ने मामले में समझाइश के बाद आज बुधवार को पोस्टमार्टम करवाया। थानाधिकारी ने बताया कि हमलावर राहुल की तलाश की जा रही है।

डूंगरपुर में परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव

डूंगरपुर। जिले भर में दीपावली का पर्व परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी प्रमुख बाजारों, प्रतिष्ठानों एवं मकानों पर भव्य सजावट की गई और लोगों ने गले मिल कर दीपावली एवं नववर्ष की बधाईयां दी।

दीपावली के पावन अवसर पर शुभ चौघडियों में सर्व प्रथम विघ्नहर्ता भगवान गजानन की पूजा अर्चना की गई। श्रद्घालुओं ने गणेश प्रतिमाओं पर सिन्दूर से नये पाने चढाएं और नैवेद्य अर्पित किया। जिले भर में लोग दिन भर दीपोत्सव के पूजन की तैयारियों में जुटे रहे। दोपहर बाद से लक्ष्मीजी की पूजा अर्चना का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। अधिकांश स्थानों पर गौधुली वेला के शुभ मुहूर्त में देवी लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा.अर्चना की गई। दीपावली के स्वागत में डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर सभी प्रमुख चौराहों सहित मुख्य बाजारों, विभिन्न गली-मौहल्लों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं मकानों की भव्य सजावट की गई। शहर के सभी प्रमुख बाजारों नया बस स्टेण्ड, शास्त्री मार्ग, पुराना बस स्टेण्ड, तहसील चौराहा क्षेत्र, न्यू मार्केट, सुपर मार्केट, पालिका बाजार, पुराना अस्पताल तिराहा, कंसारा चौक, सौनिया चौक, सर्राफा बाजार, मोची बाजार, धनलक्ष्मी मार्केट, नेहरू मार्ग, महाराजा मार्केट आदि में चमकीली फर्रियों एवं रंगीन बल्बों से आकर्षक सजावट की गई। शहर में की गई मनोहारी सजावट और रोशनी का नजारा देखने रात्रि में नगरवासियों का सैलाब उमड पडा। गेपसागर की पाल पर डी लाइव न्यूज चैनल व आयोजक जगदीश चौहान ने हमेशा की तरह इस दीपावली पर भी समाज में संस्कार और जागरूकता का दीप जलाया। हर वर्ष की तरह इस बार भी उनका उद्देश्य रहा। समाज को जोडना, संस्कारों को जगाना और आने वाली पीढी में जागरूकता का संदेश फैलाना,गीत संगीत की मधुर स्वर लहरियों पर शहरवासियों ने आनंद लिया तो वही देर रात तक आतिशबाजी का दौर भी चलता रहा। गौधूली वेला में एवं शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन के पश्चात लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाईयां दी। फौज का बडला स्थित महालक्ष्मी मंदिर में देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। ग्राम्यांचलों में दीप पर्व के तहत वागड अंचल में सांस्कृतिक अनुष्ठान के रूप में मेरियू और दाम्पत्य जीवन में बंधे नव दम्पत्तियों को शुभकामनाएं प्रेषित करने दिवाली आणे की रस्म अदा की गई। जिले भर में आज दीवारी-काल दीवारी-परमं दाडे मेरियू की अनुगूंज गुंजायमान रही। दीपावली के अवसर पर इस बार भी जम कर आतिशबाजी की गई और सारी रात आतिशी नजारे आसमान में अनोखी छटा बिखेरते रहे और पटाखों की गूंज सुनाई देती रही। बुधवार को को नववर्ष के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर नववर्ष की बधाईयां दी और दीपोत्सव पर बने स्वादिष्ठ व्यंजनों का सेवन किया। इस अवसर पर अनुजों ने अपने वरिष्ठजनों के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। नववर्ष के स्वागत में भी शहर भर में पटाखों की गूंज देर रात्रि तक होती रही। सेल्फ डिफेंस और तलवार नृत्य प्रस्तुति, बेटियों में आत्मरक्षा का संदेश इसीक्रम में दीपावली की रात्रि में लाइव न्यूज चैनल, नगर परिषद और स्थानीय स्पॉन्सर के संयुक्त तत्वावधान में शहर के हृदय स्थल गैपसागर की पाल पर आयोजित कार्यक्रम में मन की उडान संस्थान द्वारा अनोखा विशेष सेल्फ डिफेंस और तलवार डांस परफॉर्मेंस का शानदार प्रदर्शन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बेटियों में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढाना था। इस तरह की प्रस्तुति डूँगरपुर में पहली बार डूंगरपुर राईट्स द्वारा देखी गई। कार्यक्रम में संस्थापिका कामना चौबीसा, सदस्य सोनल सेवक, युवतियों में रक्षा जोशी, माधुरी कटारा, अमिषा साद और बच्चों में काव्यांजलि, मिष्टी नविका और नित्यश्री ने देवी माताजी के लाल रंग पारंपरिक वेशभूषा में दमदार अंदाज में तलवार नृत्य प्रस्तुत किया। जिसने दर्शकों से खूब तालियाँ बटोरी। साथ ही प्रशिक्षकों ने आत्मरक्षा के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स और तकनीकें भी प्रदर्शित की। संस्थापिका कामना चौबीसा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से महिलाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। संस्थापिका ने बताया कि इस तरह की नियमित कक्षायें संस्थान द्वारा नि:शुल्क आयोजित की जा रही हैं। अधिक से अधिक बालक-बालिकाएँ, महिलाएँ सीखने के लिए संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा पारितोषिक भी प्रदान किये गये।

शराब के नशे में विवाद

उदयपुर। जिले के बैकरिया थाना क्षैत्र में शराब के नशे में आरोपी ने चाकू से हमला कर युवक की हत्या की। दोनों बाइक पर मृतक के ससुराल आए थे। जहां शराब के नशे में विवाद होने पर आरोपी युवक की हत्या कर फरार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में बेकरिया थाना क्षैत्र तेजावास गांव में पत्नी को मिलने ससुराल आए वालाराम पत्रु सुखाराम गरासिया निवासी गरठ पिण्डवाड़ा की उसके दोस्त हिमवाफली गरठ निवासी सुरेश पुत्र तेजाराम गरासिया चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर फरार हो गया। दूसरे दिन बुधवार को घटना की सूचना मिलने पर थानाधिकारी उत्तम सिंह मय टीम ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को बैकरिया चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इधर, घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मौताणे की मांग को लेकर चढ़ोतरा कर दिया। जहां दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत में सझाईश होने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा या परिजनोंको सौंप दिया। वालाराम की पत्नी हुरमाबाई पांच सात दिन पूर्व अपने पीहर तेजावास आई थी। जिससे मिलने के लिए वालाराम अपने मित्र सुरेश को बाइक पर लेकर ससुराल की तरफ आया जहां शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद होने पर सुरेश ने चाकू से अपने दोस्त वालाराम पर हमला कर उसकी हत्या कर दी।

सार-समाचार

युवक की ट्रेन से कटकर मौत

डूंगरपुर। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में छापी गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक के दोनों पैर धड से अलग हो गए। सुबह ट्रैक पर शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। वहींए जीआरपी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में छापी के पास मंगलवार रात को हादसा हुआ। जीआरपी थाना पुलिस के अनुसार अनिल पुत्र सुखलाल मनात बिछीवाडा की तरफ से पैदल पैदल अपने घर जा रहा था। वह रेलवे ट्रैक के किनारे चल रहा था। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक से जयपुर से असारवा जाने वाली ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसे में उसके दोनों पैर धड से अलग हो गए। वह उसके शरीर पर कई जगह चोंट आने से लहूलुहान हो गया। हादसे में अनिल मानत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार सुबह ट्रैक के पास शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बिछीवाडा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं,जीआरपी पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। मृतक अनिल के एक 5 साल का बेटा है, जिसके सिर से अब पिता का साया उठ गया।

राज्यपाल कटारिया से मिले डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

उदयपुर,। मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने दीपावली पर मंगलवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से शिष्टाचार मुलाकात की। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने पुत्र हरिराज सिंह मेवाड़, पुत्री मोहलक्षिका कुमारी व प्राणेश्वरी कुमारी मेवाड़ के साथ राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व उनकी पत्नी अनिता कटारिया से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात कर पारस्परिक पारिवारिक संबंधों पर एक-दूसरे के बीच विस्तार से चर्चा हुई। कटारिया ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह को उदयपुर क्रिकेट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने की बधाई दी। कटारिया ने दिवंगत अरविंद सिंह मेवाड़ से जुड़े मार्मिक स्मरण भी सुनाए और उनके मजबूत पारिवारिक संबंधों पर चर्चा की।

राजकीय विद्यालयों में दीपावली पर रंग रोगन

उदयपुर,। राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित दीपावली के त्योहार पर राजकीय विद्यालय में रंग रोगन एवं रोशनी सजा करने के निर्देश पर पीएम श्री राजकीय फतह उमावि सूरजपोल उदयपुर में रंग रोगन एवं रोशनी की व्यवस्था की गई है। विधायक प्रतिनिधि भरत मेहता, जगदीश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि लेखा अधिकारी अंकुर गर्ग, एडीपीसी प्रतिनिधि डॉ धर्मेंद्र सिंह शक्तावत एवं प्रधानाचार्य गजेंद्र आवोत एवं विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव गोपाल सिंह आसोलिया ने राज्य सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बताया तथा पहली बार राजकीय विद्यालयों में इस तरह के आदेश जारी किए जो स्वागत योग्य है।

जेवरात चोरी

उदयपुर,। ओगणा थाना क्षैत्र में सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ओगणा थाना क्षैत्र पडावली कला निवासी शांतिलाल पुत्र नवलराम लौहार के सूने मकान का गत दिनों चोर ताला तोड़ कर सोने का मंगलसूत्र, रकडी, चांदी की पायल व कंदोरा चुरा ले गए। पांच अक्टूबर को शांतिलाल पत्नी का उपचार कराने उदयपुर गया था जहां से 18 अक्टूबर को लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं तलाशी ली तो जेवरात गायब थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई रमेशचंद्र को सौंपी है।

हादसे में श्रमिक की मौत

उदयपुर,। शहर के नाई थानाक्षैत्र में हुए सडक हादसे में श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र चौकडिया गांव रोड़ पर हुए सडक हादसे में उन्दरी हाल बलीचा निवासी मांगीलाल (27) पुत्र कूकाजी गमेती की मौत हो गई। मांगीलाल मजदूरी करता था एवं दिपावली के दिन रात में बाइक पर उन्दरी से बलीचा जा रहा था। जहां बीच रास्ते बाइक से फिसलने से गंभीर घायल होने पर चिकित्सालय पहु